# राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

मनोज कुमार, भा०प्र०से०
कार्यपालक निदेशक

पत्रांक: SHSB/PM/161/2007/...9279

**अतिआवश्यक**

सेवा में,

सभी अधीक्षक, चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल।
सभी सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति।

पटना, दिनांक...14/03/2020

**विषय: COVID 19/कोरोना वायरस से जनित रोग के समुचित प्रबंधन हेतु EDL में निहित आवश्यक औषधियों की उपलब्धता के संबंध में।**

प्रसंग: राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार का पत्रांक 8813 दिनांक 28.02.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि चीन में कोरोना वायरस से उत्पन्न रोग विश्वस्तर पर संक्रमित होता जा रहा है तथा भारत में भी 80 से ज्यादा रोगियों की पुष्टि हो चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने इसे महामारी घोषित कर दिया है एवं सभी राष्ट्र युद्ध स्तर पर कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने की तैयारी कर रहे है। देश में केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार के स्तर पर पूरी शक्ति के साथ इस संक्रमण को रोकने के प्रयास हो रहे है। इस कार्यालय उक्त प्रासंगिक पत्र द्वारा कोरोना वायरस से उत्पन्न आपात स्थिति के मद्देनजर आवश्यक औषधियों का भंडारण सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया है।

2. उपर्युक्त के संदर्भ में यह अत्याआवश्यक है कि कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रबंधन में उपयोगी औषधियों की पर्याप्त मात्रा सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध रहे। इसी क्रम में DVDMS (ई-औषधि) के माध्यम से सभी जिलों में ऐसी औषधियों के भंडारण की स्थिति प्राप्त कर इसकी समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि आपके जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में EDL में निहित कई आवश्यक औषधियों की उपलब्धता शून्य है, जो अत्यंत चिंतनीय है और यह स्थिति आपत्तिजनक है। EDL (Essential Drug List) में निहित आवश्यक औषधियों की सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में हर संभव उपलब्धता सुनिश्चित कराना आपके पदीय उत्तरदायित्व में अंतर्निहित है। एतदर्थ आवश्यक औषधियों की शून्य उपलब्धता वाले जिले/चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल का नाम नीचे सारणी में निम्नवत् है:-

| क्रं०सं० | औषधि का नाम | शून्य उपलब्धता वाले जिले/चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल का नाम |
|---|---|---|
| 1 | Paracetamol - Tab/Syrup<br>* availability of all formulations required | JLNMCH Bhagalpur, PMCH Patna, GMC Bettiah, DMCH Darbhanga, ANMCH Gaya, SKMCH Muzaffarpur, VIMS Pawapuri |
| 2 | Azithromycin (Tablet/ Suspension)<br>* availability of all formulations required | अरवल, औरंगाबाद, लखीसराय, पूर्णिया, JLNMCH Bhagalpur, GMC Bettiah, DMCH Darbhanga, ANMCH Gaya, SKMCH Muzaffarpur, VIMS Pawapuri |
| 3 | Adrenaline- Inj | बेगूसराय, भागलपुर, भोजपुर, कैमूर, लखीसराय, मधुबनी, मुंगेर, नालंदा, रोहतास, शेखपुरा, JLNMCH Bhagalpur, PMCH Patna, DMCH Darbhanga, ANMCH Gaya, SKMCH Muzaffarpur, VIMS Pawapuri, GMC Bettiah |

परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना– 800 014,
दूरभाष: 0612–2290328, फैक्स: 0612–2290322, वेबसाइट: www.statehealthsocietybihar.org

स्वस्थ बिहार समृद्ध बिहार

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 4 | Noradrenaline- Inj | अररिया, औरंगाबाद, बेगूसराय, भागलपुर, भोजपुर, पश्चिमी चम्पारण, कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, लखीसराय, मधेपुरा, मुजफ्फरपुर, नालंदा, नवादा, पटना, पूर्णिया, रोहतास, सहरसा, समस्तीपुर, शेखपुरा, शिवहर, सिवान, सुपौल, वैशाली, JLNMCH Bhagalpur, GMC Bettiah, PMCH Patna, DMCH Darbhanga, ANMCH Gaya, SKMCH Muzaffarpur, VIMS Pawapuri |
| 5 | Cefoperazone Inj<br><br>* availability of all formulations required | JLNMCH Bhagalpur, GMC Bettiah, DMCH Darbhanga, ANMCH Gaya, SKMCH Muzaffarpur, VIMS Pawapuri |
| 6 | Meropenem- Inj<br><br>* availability of all formulations required | JLNMCH Bhagalpur, PMCH Patna, GMC Bettiah, DMCH Darbhanga, ANMCH Gaya, SKMCH Muzaffarpur, VIMS Pawapuri |
| 7 | Amikacin- Inj<br>(100mg, 250mg, 500mg)<br><br>* availability of all three formulations required | अररिया, बेगूसराय, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, जमुई, जहानाबाद, कैमूर, कटिहार, खगड़िया, लखीसराय, मधुबनी, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, रोहतास, समस्तीपुर, सारण, शिवहर, पटना, सहरसा, JLNMCH Bhagalpur, PMCH Patna, GMC Bettiah, DMCH Darbhanga, ANMCH Gaya, SKMCH Muzaffarpur, VIMS Pawapuri |
| 8 | Normal Saline- Infusion | अररिया, बेगूसराय, जमुई, लखीसराय, मधेपुरा, सहरसा, JLNMCH Bhagalpur, NMCH Patna, GMC Bettiah, DMCH Darbhanga, ANMCH Gaya, SKMCH Muzaffarpur, VIMS Pawapuri |
| 9 | Compound Sodium Lactate - Infusion | GMC Bettiah, DMCH Darbhanga, SKMCH Muzaffarpur, VIMS Pawapuri |
| 10 | Levo-Salbutamol (Nebulizer Solution) | सभी जिला (नवादा, सीतामढ़ी को छोड़कर) एवं JLNMCH Bhagalpur, PMCH Patna, NMCH Patna, GMC Bettiah, DMCH Darbhanga, ANMCH Gaya, SKMCH Muzaffarpur, VIMS Pawapuri |

3. अत: निदेश दिया जाता है कि जिन आवश्यक औषधियों की उपलब्धता शून्य है, उसकी उपलब्धता 3 दिनों के अंदर निश्चित रूप से सुनिश्चित किया जाए। साथ हीं, पत्र निर्गत होने के तीन दिनों के अंदर स्पष्ट किया जाए कि किन परिस्थितियों में EDL में निहित आवश्यक औषधियों की उपलब्धता शून्य है। औषधियों की शून्य उपलब्धता हेतु संबंधित पदाधिकारियों का दायित्व निर्धारित करते हुये उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई हेतु स्वास्थ्य विभाग/राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को प्रस्ताव भेजा जाए। उपर्युक्त निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित नही होने की स्थिति में उक्त कृत्य हेतु प्रत्यक्ष रूप से आप उत्तरदायी समझे जायेंगे।

विश्वासभाजन्

14/3/20

(मनोज कुमार)

परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना– 800 014,
दूरभाष: 0612–2290328, फैक्स: 0612–2290322, वेबसाइट: www.statehealthsocietybihar.org

स्वस्थ बिहार समृद्ध बिहार

Scanned with CamScanner

# राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

ज्ञापांक......9279..........          पटना, दिनांक......14/03/2020

प्रतिलिपि :

- प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।
- संबंधित जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि स्वयं के स्तर से पहल करते हुये अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।
- प्रबंध निदेशक, BMSICL को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि EDL में निहित आवश्यक औषधियों की हर संभव उपलब्धता सुनिश्चित कराने की दिशा में ठोस कार्रवाई की जाए।

14/3/20

कार्यपालक निदेशक

परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना– 800 014,
दूरभाष: 0612–2290328, फैक्स: 0612–2290322, वेबसाइट: www.statehealthsocietybihar.org



Scanned with CamScanner